<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक-07.09.2022

मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी की प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप मा0 न्या0 अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) कोर्ट नं0-45 बाराबंकी ने अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 20,000 रूपये के अर्थदण्ड से किया दण्डित –

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा जघन्य अपराधों में समुचित पैरवी करते हुये शीघ्र सजा दिलाये जाने के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के पर्यवेक्षण में मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त अधि0/ कर्म0गण /पैरोकार द्वारा जघन्य अपराधों के अभियोगों की समुचित पैरवी मा0 न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को माननीय न्याया0 में समय से प्रस्तुत कराकर गवाही करवायी गयी, जिससे मा0 न्या0 अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) कोर्ट नं0-45 बाराबंकी द्वारा थाना देवां पर पंजीकृत मु0अ0सं0 287/16 धारा 363/366/376 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त राकेश पुत्र सुभाष निवासी बछराजमऊ थाना देवां जिला बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में दोषसिद्ध करते हुये अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास व 20,000 रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उपरोक्त अभियोग में नामित मनोज, सुभाष को मा0 न्याया0 द्वारा दोषमुक्त किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी ।

<u>संक्षिप्त विवरणः-</u>

दिनांक 17.09.2016 को वादी की पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना देवां जनपद बाराबंकी पर मु0अ0सं0- 287/16 धारा 363/366/376 भादवि व ¾ पाक्सो एक्ट बनाम 1- राकेश पुत्र सुभाष 2- मनोज कुमार पुत्र कल्लू 3- सुभाष पुत्र कल्लू निवासीगण बछराजमऊ थाना देवां जनपद बाराबंकी पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक द्वारा वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन करते हुए विवेचना के उपरान्त अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्व आरोप-पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया ।

<u>पुलिस टीम-</u>

1. श्रीमती मनीषा झा व श्री अजय सिंह अभियोजक अधिकारी जनपद बाराबंकी
2-निरीक्षक श्री राकेश प्रताप सिंह प्रभारी मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
3-उ0नि0 श्री रामनरेश मिश्रा मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
4-हे0का0अमर बहादुर सिंह मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
5- म0का0 प्रतिमा द्विवेदी मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
6-का0 नीरज कनौजिया मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
7- का0 सन्दीप कुमार मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
8- हे0का0 विनीश कुमार पाण्डेय थाना देवां जनपद बाराबंकी